भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 313 का उत्तर

शोरनूर-मंगलौर सेक्टर में ट्रेन सुविधा

313. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की योजना पालक्कड मंडल के शोरनूर-मंगलौर सेक्टर में मौज़ूदा यात्री रेलगाड़ियों और अनारक्षित डिब्बों में भीड़-भाड़ से निपटने के लिए रद्द की गई रेलगाड़ियों को फिर से शुरू करने अथवा अनारक्षित डिब्बों की संख्या बढ़ाने की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को हाल ही में शुरू की गई शोरनूर-कोन्नूर-शोरनूर अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (गाड़ी संख्या 06031 और 06032) को स्थायी सेवा में परिवर्तन करने के महत्व की जानकारी है;

(घ) क्या सरकार को इस क्षेत्र के यात्रियों की व्यापक मांग को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त रेलगाड़ियों के लिए तिरुनावाया और पल्लीपुरम स्टेशनों पर ठहराव दिये जाने की आवश्यकता की जानकारी है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): भारतीय रेल विभिन्न संरचनाओं वाली नियमित समय-सारणी वाली विभिन्न प्रकार की उपनगरीय, छोटी दूरी की यात्री रेलगाड़ियां, लंबी दूरी/मेल एक्सप्रेस/सुपरफास्ट

रेलगाड़ियां जैसी रेलगाड़ियां चलाती हैं जो यात्रियों के विभिन्न वर्गों की आवश्यकता की पूर्ति करती हैं। यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त स्थान मुहैया कराने के अपने निरंतर प्रयास में, भारतीय रेल त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान विशेष रेलगाड़ियां भी चलाती है तथा अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए स्थायी और अस्थायी दोनों आधारों पर रेलगाड़ियों के भार में भी वृद्धि करती है। इसके अलावा, सामान्य और गैर-वातानुकूलित स्लीपर सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान मुहैया कराने के लिए, मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ी की मौजूद संरचना के संबंध में मौजूदा नीति, 22 सवारी डिब्बों की एक रेलगाड़ी में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बों और 08 (आठ) गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बों की व्यवस्था करती है। वर्तमान में रेल सेवाओं के संचालन के लिए उपयोग किए जा रहे कुल सवारी डिब्बों में से दो-तिहाई गैर-वातानुकूलित तथा एक-तिहाई वातानुकूलित सवारी डिब्बे होते हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय रेल ने अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाओं का संचालन भी शुरू किया है जो पूरी तरह से गैर-वातानुकूलित रेलगाड़ियाँ हैं जो यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करती हैं। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेल ने सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बों सहित 10,000 गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बों के विनिर्माण की योजना बनाई है।

इसके अलावा, भारतीय रेलों में ठहराव की व्यवस्था, गाड़ी सेवाओं का नियमितीकरण, गाड़ियों का भार बढ़ाना सतत् प्रक्रिया है।

****

s.k